गोवा में जैव-वविधिता हॉटस्पॉट की नई साइटें

संदर्भ

बर्डलाइफ इंटरनेशनल जो कि एक वन्यजीव संरक्षण संगठन है, ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से गोवा में तीन नई साइटों को हॉटस्पॉट के रूप में मान्यता प्रदान की है। इन साइटों को 'महत्त्वपूर्ण पक्षी और जैव-वविधिता क्षेत्र' के रूप में सूची में जोड़ा गया है। इसके लिये डाटा संग्रहण का कार्य गोवा बर्ड संरक्षण नेटवर्क (GBCN) द्वारा किया गया है।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- अब, गोवा के सात क्षेत्रों को 'बर्ड लाइफ' द्वारा महत्त्वपूर्ण जैव-वविधिता वाले क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है।
- ये सात क्षेत्र है: भगवान महावीर वन्यजीव अभयारण्य और मोलेम नेशनल पार्क, कैराम्बोलिन वेटलैंड्स, कोटीगाओ वन्यजीव अभयारण्य, म्हादेई वन्यजीव अभयारण्य, बोंडला वन्यजीव अभयारण्य, नवेलिम वेटलैंड्स और नेत्रावली वन्यजीव अभयारण्य।
- गोवा के ढाडो क्षेत्र के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को शामिल करने के लिये कैराम्बोलिन वेटलैंड्स की सीमा को बढ़ाया गया है, जो अनेक प्रवासी पक्षियों की शरणस्थली के रूप में जाना जाता है।
- किसी साइट को एक महत्त्वपूर्ण बर्ड और जैव-वविधिता क्षेत्र के रूप में घोषित करना, यह सुनिश्चित नहीं करता है कि साइट को कानूनी मान्यता प्राप्त हो गयी है और लोगों की आवाज़ाही को वर्जित कर दिया गया है।
- बर्डलाइफ इंटरनेशनल, वन्यजीव संरक्षण के महत्त्व के स्थलों की पहचान करने के लिये केंद्र और राज्य सरकारों को प्रोत्साहित करता है तथा स्थानीय समुदाय आधारित संरक्षण को बढ़ावा देता है।

बर्डलाइफ इंटरनेशनल (BI)

बर्डलाइफ इंटरनेशनल, जिसे पहले पक्षी संरक्षण के लिये अंतरराष्ट्रीय परिषद के नाम से जाना जाता था, विश्व की सबसे बड़ी प्रकृति संरक्षण भागीदारी है। वर्तमान में इसके 120 बर्डलाइफ पार्टनर्स हैं, जिनका चुनाव प्रत्येक देश से किया जाता है।

यह संरक्षण की 'स्थानीय से वैश्विक' दृष्टिकोण तकनीक को अपनाता है, जो लोगों के लाभ को दीर्घकालिक संरक्षण प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-new-sites-recognised-as-biodiversity-hotspots-in-goa